

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025





# देशभक्ति के सुर-ताल में स्कूली बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आजादी के 79 साल पर पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में हरिभूमि आईएनएच एवं लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा आयोजित सुर और ताल कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देश की आजादी से लेकर ऑपरेशन सिंदूर पर देशभक्ति से ओतप्रोत शानदार दृश्यांकन कर नृत्य की प्रस्तुति देकर भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर की।

हरिभूमि आईएनएच एवं लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के इस गौरवमय आयोजन में स्कूली बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में आजादी के संघर्ष से लेकर पहलगाम की घटना और ऑपरेशन सिंदूर का दृश्यांकन देशभक्ति गीत के माध्यम से जीवंत रूप में की गई। जिससे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम तालियों एवं देशभक्ति नारों से गूंज उठा।



### समिति सदस्यों की उपस्थिति

इधर आयोजन समिति की ओर से हरिभूमि के ब्यूरो चीफ सचिन अग्रहरि, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल, संयोजक संजय सिंगी, बृजकिशोर सुरजन, सुशील पसारी, सुरेश शर्मा, दीपक जैन, राजकुमार शर्मा, शारदा तिवारी, मयंक शर्मा, संतोष लोहिया, नरेन्द्र साहू, मुकेश शर्मा, संजय तेजवानी, तरनदीप अरोरा , नेहा गुप्ता, प्रकाश सांखला, शुभम टीना खण्डेलवाल, विजय कोटिडया, चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा, अनिता जैन , हरिभूमि से धन्य कुमार जैन, नितिन सिंह राजपूत, संतोष दुबे, सौरभ अग्रहरि, परमेश्वर ठाकरे, सत्यम शर्मा, हफीज खान, विकल्प श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### शानदार प्रस्तुति पर बच्चे सम्मानित

कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती मधुजा शास्त्री माहेश्वरी, सुदेश यादव, डा चंदन कुमार थे। पूरे आयोजन में प्रथम स्थान नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री, द्वितीय स्थान पर एनबीआईएस बोरी, एवं तृतीय स्थान पर अजीज पब्लिक स्कूल रहे। अतिथियों के द्वार शानदार प्रदर्शन करने वाले उक्त स्कूलों के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वही सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, अशोक चौधरी, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, कमलजीत पिन्टू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, एएसपी राहुल देव शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, नीरज बाजपेयी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 14 स्कूलों ने लिया भाग

कार्यक्रम में जिले के नीरज विद्या मंदिर डोंगरगांव, महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल, नीरज पेरेंट्स प्राइड , युगान्तर पब्लिक स्कूल, एनबीआईएस बोरी, अजीज पब्लिक स्कूल, रायल किडस कान्वेंट, गायत्री विद्या पीठ , नीरज पब्लिक स्कूल, संस्कार सिटी, गुजराती स्कूल, गायत्री विद्या मंदिर हिन्दी मीडियम , डा जेपी सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुति दी। देश की आजादी के लिए हुए संघर्ष और ऑपरेशन सिंदूर जैसे विषयों पर अधिकांश स्कूली बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से जीवंत दृश्यकन किया, जिससे पूरा हाल देश भक्ति के नारों से गूंज उठा। विशेष कर आस्था और अभिलाषा के बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## केसीजी जिले पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय

# जिले को 470 करोड़ की सौगात, भाजपा कार्यालय का सीएम ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भाजपा के नवनिर्मित शानदार जिला कार्यालय के लोकार्पण साथ मुख्मंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को करोड़ों रूपयों की सौगात दी। 471 करोड़ के आसपास लागत राशि वाले 18 कार्यों के भूमिपूजन साथ 140 करोड़ से उपर के 53 कामों को लोकार्पण उन्होंने किया। लगभग सवा दो घंटे के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, संगठन महामंत्री अजय जंबाल, उप मुख्यमंत्री अरूण साव व विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों का जिला भाजपा कार्यालय में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, जिलाध्यक्ष डॉ बिशेसरदास साहू सहित सभी मंडल व मोर्चा के जिला अध्यक्षों ने स्वागत किया।

इससे पहले हेलीपैड मे स्वागत बाद भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता सभी अतिथियों को मोटरसाइकिल रैली निकालकर भाजपा कार्यालय ले गए जहॉ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सहित मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण बाद उन्होंने वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से नए भवन की पूजा अर्चना कर जिला भाजपा अध्यक्ष को भवन की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और गर्व का विषय यह है कि लोकतंत्र को मानने वालों की पार्टी है जहॉ चाय बेचने वाला पीएम और किसान सीएम बनता है।

उन्होंने इशारो इशारो में कार्यकर्ताओं को बताया कि वो कभी भी खुद को पार्टी से बड़ा ना समझे, पार्टी से उनकी पहचान है। संगठन महामंत्री अजय जंबाल ने नए भवन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि तिरंगे को लेकर कांग्रेसियों के मन भी राष्ट्रप्रेम का भव जागृत हो रहा है यह देश के लिए शुभ संकेत है।





### 471 करोड़ से ज्यादा राशि के 18 कामो की रखी सीएम साय ने आधारशिला

पिपरिया में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने 611.21 करोड़ रुपए की लागत राशि के कुल 71 विकास कार्यों का सौगात दिया इसमे 470 करोड़ 98 लाख रुपए से अधिक की लागत के 18 कामों का भूमिपूजन और 140 करोड़ 23 लाख से अधिक की लागत के 53 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। भूमि पूजन के कार्यो में सीजीएमएससी अंतर्गत 200 बिस्तर का जिला अस्पताल, सीएचएमओ बिल्डिंग, क्षय रोग केंद्र व औषधि भंडार भवन, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, पशुधन विकास कार्यालय भवन, साल्हेवारा में नवीन तहसील कार्यालय भवन, राजनांदगांव कवर्धा रोड चौड़ीकरण, बाजार अतरिया मे 50 सीटर प्री मैट्रिक अजा बालक छात्रावास, झूरानदी मे सीसी रोड, लमती फीडर जलाशय योजना के शीर्ष व नहरों का निर्माण, कामठा मे आमनेर नदी पर व्यपवर्तन वियर आदि निर्माण कार्य शामिल है

### सड़क, स्वास्थ्य, सिंचाई की मिलेगी सुविधा

लोकार्पण अंतर्गत छुईखदान और गंडई में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भवन, छुईखदान में 50 बिस्तर भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक भवन मरम्मत और नवीनीकरण, खैरागढ़ के अमलीपारा, अमलीडीह खुर्द और छुईखदान के टिकरी पारा में हमर क्लिनिक भवन, सिविल अस्पताल खैरागढ़ में तीन डायलिसिस मशीन, ठाकुरटोला से लावातरा मार्ग पुल पुलिया सहित, अतरिया दनिया रोड चौडीकरण व मजबूतीकरण, जुरलाकला प्रकाशपुर मेन रोड रगरा से खपरी रोड, सोनपुरी भीमपुरी रोड, प्रकाशपुर से टोलागांव रोड, दिलीपपुर से कांचरी रोड, भंडारपुर से परसबोड़ रोड, भंडारपुर से परसाही रोड, सलगापाट से तेली खपरी रोड, उरईडंबरी से गुमानपुर रोड, भवानी मंदिर करेला से कोपेनवागांव रोड, मेन रोड से मां भवानी मंदिर परिसर तक सड़क चौड़ीकरण, कोटरीछापर से मोहारा रोड, मुढ़ीपार से टेकापार रोड, गुमानपुर से कुसुम कुआ रोड, मुढ़ीपार से गर्रापार रोड, साल्हेवारा मे आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल निर्माण व रेनोवेशन, प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, बकरकट्टा मे 50 सीटर प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन काम शामिल है।

# सोशल मीडिया में पोस्ट किया नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडियो, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में नाबालिग बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीपीडब्ल्यूसी योजनान्तर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराधों पर नजर रखकर सायबर टीप रिपोर्ट जांच हेतु संबंधित राज्य एवं जिला व थाना को वैधानिक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

ऐसे ही सायबर टीप थाना डोंगरगढ़ को प्राप्त होने पर सायबर टीप जांच पर से आरोपी शिव कुमार सिन्हा उम्र- 28 साल निवासी बुधवारी पारा, डोंगरगढ़, के द्वारा अपने फेसबुक एकाउण्ट में बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो, फोटो वायरल करना पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

आरोपी कायमी दिनांक से लगातार फरार था जिसे आज 13अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

0 राजनांदगांव। राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव, विभाग डोंगरगढ़ द्वारा एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम 15 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक भाई एवं मुख्यवक्ता शारदा चंद्रा दीदी संभाग प्रचारिका होंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोरकर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# पशु तस्करी में सहयोग, आरोपी गिरफ्तार

## सालभर पहले छह नग मवेशी तस्करी में की थी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पशु तस्करी के मामले में सहयोग करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्यवाही की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 अगस्त को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि खरीदी बिक्री व गाड़ी में लोड करने में सहयोग करने वाले ग्राम हरडुवा से कत्लखाना गौ वशं पशु तस्करी ले जाने में सहयोग करने वाले आरोपी ग्राम हरडुवा में देखा गया है । सूचना पर थाना घुमका पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपियों की घेराबंदी कर पकड़ा गया ।

### जेल भेजे गए आरोपी

पकडे गये आरोपियों से पूछताछ करने बताया कि 1 जुलाई 24 को ग्राम हरडुवा से मवेशी खरीद कर आरोपी फैजल खान निवासी नागपुर को फोन पर संपर्क कर 6 नग मवेशी को कत्लखाना भेजने बुलाकर फैजल खान की वाहन में आरोपी व उनके सहयोगी रोशन सोनवानी व ढाल सिंग ठाकूर के द्वारा मवेशी को वाहन में ग्राम हरडुवा से कुर्ता पूर्वक भर कर कत्लखाना भेजने का कार्य करना स्वीकार किया। आरोपियों को रिमांड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### महापौर यादव करेंगे निगम में ध्वजारोहण

राजनांदगांव। 15 अगस्त शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जायेगा।

### मॉय एंगल




गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

जेवर
FREEDOM
SALE




स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
ऑफर 13 से 24 अगस्त 2025 तक
डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी की हर खरीदी पर पाएं सोने का सिक्का
जेवर
हर उत्सव के लिए
SCAN LOCATION
Sunday Open
गंज पारा - दुर्ग, स्टेट बैंक मुख्य शाखा के पास, संपर्क : 0788-2214999 | 9522914999
Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### छात्र छात्राओं ने किया पौधारोपण

**खडगांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। प्राचार्य वर्षा रानी एवं शिक्षकों ने छात्र छात्राओं का सहयोग करते हुए पौधरोपण कराया। छात्र छात्राओं ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### कालेज में व्यास पूजा आयोजित

**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में 13 अगस्त को प्राचार्य डॉ एकेधमगाये के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई ने व्यास पूजा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वेदव्यास के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। सरस्वती वंदना तथा राज्य गीत प्रस्तुत किए गए। स्वागत के पश्चात प्राचार्य डॉ धमगाये ने महर्षि वेदव्यास के योगदान पर अपनी बात रखी साथ ही महाभारत काल से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया। इसी कड़ी में प्रो प्रियांकी गजभिए ने पूजा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु शिष्य परम्परा के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ नम्रता देवांगन, जॉनसन प्रसाद चौधरी उपस्थित थे। संचालन भवेश दास ने किया। इस दौाान स्वयंसेवक अंकिता चेलक, डोमेश्वरी साहू ने गुरु शिष्य पर केंद्रित गीत , कविता प्रस्तुत किया। अंत में डॉ आशाराम साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तेलिनबांधा में जन्माष्टमी महोत्सव 16 को


**टाटेकसा।** छुरिया ब्लाक के ग्राम तेलीनबांधा में आगामी 16 अगस्त को झेरिया यादव समाज एवं ग्रामवासियों ने जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन रखा है। मुख्य अतिथि माननीय जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान होंगे। अध्यक्षता जेआर यादव करेंगे। विशेष अतिथि विपीन यादव, तरूण सिन्हा, पलनी स्वामी नायडु, सरपंच गायत्री कंवर, जेआर अहीर, सेवकराम यादव, शिवकुमार यादव, पन्नालाल यादव, गुरूदेव यादव होंगे।

### सुआ नृत्य पर थिरके बच्चे



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर को सहेजने के उद्देश्य से भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। छोटी माता भोजली की विधिवत पूजा अर्चना के साथ भैया बहनों ने जस गीत गाते हुए बांधा तालाब में विसर्जन किया। विसर्जन पश्चात सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य रोहित निर्मलकर, आचार्य आदि उपस्थित थे।

### विज्ञान एवं कृषि मेला का आयोजन



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 अगस्त को गणित, विज्ञान एवं कृषि मेला, मॉडल प्रदर्शन, प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि बीईओ आरएल पात्रे, सरस्वती शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष बूंदा वर्मा, सेवाराम पटेल थे। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने भैया बहनों द्वारा निर्मित गणित, विज्ञान, कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसके निर्णायक केशव पटेल, नेमूदास साहू, अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख, चंद्रिका साहू, कौशल्या यादव थी।

रेलवे के फैसले से पालकों में नाराजगी

# सत्र के बीच में 100 साल पुराने स्कूल को बंद करने की तैयारी

## बच्चों को जबरन टीसी देने का फरमान, दुविधा में छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षा सत्र के बीच में रेलवे मिश्रित माध्यमिक विद्यालय को बंद करने का निर्णय लिया गया है जिससे यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी संशय में आ गए है। यहां मंडल स्तर पर बहु विषयक मंडल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। इस संस्थान की स्थापना रेलवे कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण देने के लिए किया जा रहा है। रेलवे अधिकारी के इस फरमान से स्कूल के छात्र-छात्राओं और उनके पालको में भारी असंतोष व्याप्त है। रेलवे अधिकारी ने प्राचार्य को निर्देश दिया है कि तत्काल पालकों की बैठक लेकर उन्हे स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए राजी किया जाए ताकि उनका दाखिला स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कराया जा सके।

### पालकों ने दर्ज कराया विरोध

रेलवे अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी प्राचार्य गंगाप्रसाद खैरवार ने पालकों की बैठक लेकर रेलवे अधिकारी के निर्देश की जानकारी दी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल सहित पालकों ने निर्णय का विरोध करते हुए उच्च अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने का निर्णय लिया।पालकों ने किसी भी स्थिति में छात्र-छात्राओं का स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने पर सहमति नहीं देने का निर्णय लिया।




### अधिकारी पर गुमराह करने का आरोप

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने स्कूल भवन की स्थिति के संबंध में रेलवे अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जो जानकारी दी गई है वहां मिथ्या है। तुगलकी फरमान का हर स्तर पर विरोध करते हुए स्कूल को बंद होने से बचाया जाएगा।

### सौ साल पुराना है स्कूल

रेलवे कालोनी में पिछले 100 वर्ष पूर्व से संचालित इस स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं की यादें यहां से जुड़ी है। रेलवे द्वारा इस स्कूल को बंद किया जा रहा है। रेलवे अधिकारी और जनप्रतिनिधि चाहे तो बीएमवाय चरोदा एवं शहडोल में संचालित रेलवे स्कूल की तरह यहां भी रेलवे स्कूल अनवरत संचालित हो सकता है।

### पैटर्न में अंतर

जानकारी के अनुसार रेलवे स्कूलों और सीजी स्कूलों के पैटर्न मुख्य अंतर यह है कि रेलवे स्कूल सीबीएसई बोर्ड एवं सीजी स्कूल राज्य शिक्षा बोर्ड के तहत संचालित होते है। सीबीएसई बोर्ड अखिल भारतीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जबकि सीजी स्कूल छत्तीसगढ़ में मान्य है।

### जर्जर भवन का दिया हवाला

रेलवे सीपीओ (आई आर) दर्शनीता अहलूवालिया ने अपने आदेश में कहा है कि विद्यालय एक पुराने भवन में है, जिसमें रिसाव और छत की समस्या हैं। उनका कहना है कि छात्रों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए इसलिए सहायक अभियंता (एईएन) यह प्रमाणित करें कि भवन विद्यालय संचालन के लिए सुरक्षित है। इस भवन का उपयोग एमडीडीटीआई के लिए प्रस्तावित था। उन्होंने इस मुद्दे पर कलेक्टर से चर्चा की, जिन्होंने सभी छात्रों को आत्मानंद स्कूल में समायोजित करने का वादा किया है।

# आत्महत्या रोकने दिया मार्गदर्शन



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला आयोजित किया गया है। आयोजन के क्रम में 11 अगस्त को आत्महत्या को रोकने मानसिक स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परामर्श की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ जयकिशन महोबिया शामिल हुए।

कार्यशाला में डॉ. महोबिया ने कहा कि आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर चर्चा करना वर्तमान परिवेश में आवश्यक है। उन्होंने आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को साझा करते हुए कहा कि पूरे भारत में आत्महत्या के मामले में राजनांदगांव जिला प्रथम तथा बालोद द्वितीय स्थान पर है। इसी प्रकार जिले में डोंगरगढ़ का स्थान प्रथम है, इसलिए यह कार्यशाला और भी अधिक प्रासंगिक है। डॉ. महोबिया ने बताया कि प्रायः सभी आयु वर्गों में आत्महत्या के प्रकरण देखे गए हैं। आत्महत्या के विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए उन्होने बताया कि प्रमुख कारणों में आर्थिक, पारिवारिक, स्वास्थ्यगत समस्या, परीक्षा में असफलता तथा वर्तमान संदर्भ में मोबाइल की अधिक संलग्नता है।

### योग कारगर

अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने कहा कि मानसिक अस्वस्थता से बचने के लिए योगा कारगर उपाय है। योगा करने से मानसिक एकाग्रता आती है साथ ही विचलित मन नियंत्रित होता है। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे ने कहा कि आत्महत्या करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। समस्याओं के निराकरण के लिए परामर्श आवश्यक है। संचालन तूलिका चक्रवर्ती, गौरव तिवारी एवं पूर्वेश बांधव ने किया।

## धर्मनगरी में गोविंदोत्सव की तैयारियां हुई शुरू

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में जन्मोत्सव और गोविंदा उत्सव आगामी 16 एवं 17 अगस्त को मनाया जाएगा। शहर में गोविंदा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है जिसे देखने एवं दही हांडी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आसपास क्षेत्र के लोगों के साथ महाराष्ट्र के लोग भी आते हैं। आयोजन को लेकर गत 13 अगस्त को थाना परिसर में शांति समिति का बैठक आहूत की गई। बैठक में एसडीएम एम भार्गव, अभिषेक तिवारी, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह शामिल हुए। बैठक में गोविन्दा उत्सव समिति के पदाधिकारी, नागरिक, जनप्रतिनिधि आदि भी शामिल हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।इस दौरान गोविंदा उत्सव समिति के पदाधिकारी, नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न सुझाव रखे।

### उत्साह से पर्व मनाने का आग्रह

बैठक में साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखते हुये बिना लड़ाई-झगड़ा, हुड़दंग किए गोविंदा उत्सव मनाने की अपील की गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की गई।

## उत्साह के साथ निकली तिरंगा यात्रा



**खड़गांव।** आजादी के अमृत महोत्सव और घर-घर तिरंगा अभियान के तहत मानपुर ब्लॉक में गत दिनों तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजू डांडिया, प्रकाश मिश्रा, गणपत डब्बू चांडक, राजहंस मंडावी, सतीश कोरेटी, चेतन साहू, राहुल मालेकर, ओमप्रकाश सोनी, नंदू निषाद, दीपक वैष्णव, जितेंद्र उशारे, कृपा, गौरव बघेल, सौराज दामले, श्रीहरि पांडेय, दिनेश पटेल, बालाजी अन्ना, गोलू हुपारिया, उत्तम, दिनेश सलामे, प्रमोद आदि ने बाइक रैली का आयोजन किया। सुबह विभिन्न क्षेत्रों के युवा तिरंगा के साथ एकत्र हुए। रैली की शुरुवात राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर हुई। सैकड़ों बाइक सवार युवाओं ने मानपुर का भ्रमण किया। लोगों ने जगह-जगह तिरंगा लहराकर और पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। रैली मुख्य चौराहों, गलियों और बाजार से गुजरी। अंत में युवाओं ने सामूहिक राष्ट्रगान किया।

## आयोजन में दिखी आदिवासी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 13 अगस्त को विश्व आदिवासी एवं अगस्त क्रांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गीतांजली साहू ने आदिवासियों की निराली वेषभूषा एवं रहन -सहन पर प्रकाश डाला। आदिवासी गीत पर दुर्गा, भावना, तनु, नेहा, देवयानी, वेणुका, पूजा, दीक्षा ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में लक्ष्मी एवं गणेश्वरी ने आदिवासी संस्कृति एवं रिति -रिवाज पर अपने विचार व्यक्त किए। वेणुका ने आदिवासी गीत पेश किया। अंत में प्राचार्य ने आदिवासी जनजीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह जल, जंगल और जमीन पर प्रथम अधिकार रखने वाले के रूप में विख्यात हैं। उनकी पहचान प्रकृति संरक्षक के रूप में होती है।

उन्होंने अगस्त क्रांति पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मिथलेश साहू, योगेश निषाद, शिवकुमार, जितेन्द्र, काजल, रेणुका, पूजा, राधिका, नोमिन, अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, डा काव्या जैन, डा संजुसिंह, कंचन साहू, चांदनी पराते आदि उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन मुरली साहू ने किया।

## बालभारती के अध्यक्ष बने तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ शिशुमंदिर में कार्यकारिणी का गठन




सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य प्रकाश यादव और बोधन भारद्वाज के मार्गदर्शन में बाल भारती का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष तुषार टेंबुरकर, उपाध्यक्ष दीक्षा मेश्राम, सचिव दीपांशु यादव, सह सचिव मिष्टी डडसेना, कोषाध्यक्ष माधुर्य देवांगन, सहायक आरुषि अम्बाडे, सेनापति तुषार महोबिया, उप सेनापति मयंक पांडे, शारीरिक प्रमुख निशांत जैन, सहायक आयुष साहू, योग प्रमुख योगेंद्र साहू, सहायक वेदप्रकाश वर्मा, स्वच्छता प्रमुख मान्यता सहारे, सहायक मोनिका जंघेल, घोष प्रमुख मयंक सिंघाड़े, सहायक शिवम वैष्णव, ध्वनि प्रमुख विवेक गुप्ता, सहायक अंश गौड़, संगीत प्रमुख इशिका पटेल, सहायक यीशु गजेंद्र, क्रीड़ा प्रमुख निलेश साहू, सहायक आभीर यादव, वंदना प्रमुख श्रद्धा चौरसिया, सहायक खोमिका यादव, सांस्कृतिक प्रमुख मानसी मेश्राम, सहायक गायत्री वर्मा, वीना साहू, वाहन प्रमुख जतिन देवांगन, सहायक गर्वित जैन, जल प्रमुख प्रिया डोंगरे, सहायक विद्या पटेल, अभीर यादव, चिकित्सा प्रमुख संजीवनी गजभिये, सहायक जागृति महोबिया, डुमेश कुमार, पत्रकारिता प्रमुख आदित्य वर्मा, सहायक ओजस्वी, खोया पाया प्रमुख डिंपल देवांगन, अर्पित गोमास्ता, अनुशासन प्रमुख उमेश साहू, सहायक खुशी चंद्रवंशी हैं।

## रक्षा यात्रा में शामिल होंगे विष्णु लोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आशाराम बापू की प्रेरणा से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तेजस्वी युवा शिविर एवं देशभक्ति सांस्कृतिक रक्षा यात्रा का आयोजन 15 अगस्त को लोधी भवन डोंगरगढ़ में रखा गया है। शिविर का प्रातः 8 बजे से रखा गया है। यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे होगा। इस आयोजन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल होंगे। श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रामकुमार देवांगन ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### रक्तदान शिविर 15 को

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति एवं मोहनी बाबा मुक्तिधाम समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अगस्त को मां बम्लेश्वरी छिरपानी प्रांगण में रखा गया है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## तोतलभर्री में मनाया आदिवासी दिवस



■ आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपरा गौरवशाली : हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने वनांचल की ग्राम पंचायत तोतलभर्री में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शिरकत की। इस कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी समुदाय की गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और उनके अधिकारों के सम्मान में किया गया था। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आ दि वा सी समाज की सं स्कृ ति अ न मो ल धरोहर है जिसे संरक्षित और संवर्धित करना सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य और गीतों प्रस्तुत किया। विधायक बघेल ने भी महिलाओ के साथ सामूहिक सुआ नृत्य कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नीरजबाई छेदैया, सरपंच कविता मंडावी, संजय उइके, सुरेश सिन्हा, दानीराम मंडावी, श्यामसिंग मंडावी, तेजराम छेदैया, शिवकुमार मंडावी, भागवत मंडावी, लेखुराम, दिनेश उइके, बिसनाथ कंवर, बालाराम, नेपालसिंग, प्रीतम मंडावी, प्रकाश वर्मा, अशोक, अश्वन सहित अन्य उपस्थित थे।

दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल का आयोजन

# प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में संकुल स्तरीय दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में साल्हेवारा, बुंदेली, बजार अतरिया, मुढ़ीपार, खमतराई, भंडारपुर, गाड़ाघाट, सलौनी के करीब 400 भैया बहनों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा ने विभिन्न प्रतियोगिता में जीत हासिल किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। अध्यक्षता जनपद सदस्य तुलसी साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच लक्ष्मी रविलाल वर्मा, टीआर हिरवानी, एमएस राजपूत, रामदिल वर्मा, एलएल साहू, युगराज जैन, जेआर साहू, पुसऊराम वर्मा, बहुरसिंह साहू, चंद्रकांत देवांगन, मानिक गुप्ता, अलख साहू, दीपक साहू, योगेशवर साहू थे। समापन जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, एलएल साहू, टीआर हिरवानी, ललित साहू, मुरली प्रसाद साहू, बहुरसिंह साहू, राकेशकुमार साहू, केदारनाथ साहू, खेमलाल साहू, तीजूराम साहू, हरिशंकर साहू की उपस्थिति में हुआ।

### विजेता हुए पुरस्कृत

विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता इस प्रकार हैं। 200 मीटर दौड़ में कृतिका, निबंध में कृषपाल, बाधा दौड़ पावनी वर्मा, प्रश्न मंच रत्नेश, रूखमणी, गुजा, 800मीटर दौड़ जितेंद्र वर्मा,1500 मीटर दौड़ नीलकमल वर्मा, रिलेरेस जितेंद्र, समीर, नीलकमल, राजेन्द्र, गोला फेंक जयंत वर्मा, 400 मीटर दौड़ मोनिका गुप्ता, 800 मीटर दौड़ उमा चंद्रकांत, 1500 मीटर दौड़ दीक्षा वर्मा, लंबीकूद डिलेशवरी साहू, गोला फेंक किरण यादव, रंगोली अंबिका वर्मा, मूर्तिकला समीर वर्मा, ऊंचीकूद जितेंद्र वर्मा। इस दौरान प्राचार्य रोहित निर्मलकर, संजीत वर्मा, दीप्ति साहू, प्रति वर्मा, इंदिरा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, नेमा वर्मा, अनिता पाल, देवेन्द्र मैथिल क्षत्रीय, सोनम साहू, त्रिवेणी साहू, लक्ष्मी गुप्ता, त्रिवेणी साहू आदि मौजूद थे।

## छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली




**घुमका।** रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्यदेव त्रिपाठी के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी भारतेन्दू प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को तिरंगा रैली निकाला।

रैली की शुरूवात प्रभारी प्राचार्य त्रिपाठी के उद्बोधन से हुआ। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जन समुदाय को पौधे लगााकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रैली महाविद्यालय से निकलकर नगर पंचायत, चंडी चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक गई। रैली में डॉ सुबोध देवांगन, विनोद वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, योगिता, स्वयंसेवक संजय साहू, भारती साहू, एश्वर्या खिलाड़ी, धनेश्वर साहू एवं हेमलता वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### तिरंगा झंडा का वितरण



**डोगरगढ़।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कालकापारा स्थित अपने निवास पर तिरंगा झंडा फहरा कर शहीदों की शहादत को सलाम किया। उन्होंने वार्डवासियों से अपने घर में तिरंगा लगाने की अपील करते हुए झंडा वितरण किया।

### हलषष्ठी व्रत आज

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में कल गुरूवार को माताएं अपने बच्चों के दीर्घायु के लिए हल षष्ठी का व्रत करेगी। व्रत को लेकर बुधवार को महिलाओं ने पूजा सामग्री एकत्र किया। वहीं नवविवाहित महिला जो पहली बार संतान के लिऐ व्रत रखेंगी में उत्सुकता बनी हुई है। कल सभी गांव में महिलाओं का समूह सगरी बनाकर शिव पंचायत स्थापित करेंगी।कथा के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाएगा। माताएं पूजा एवं आहार के लिए पसहर चावल, दूध, दही, दोना आदि संग्रह करते नजर आई।

### निकली तंबाकू नियंत्रण जागरुकता रैली



**छुईखदान।** उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने रैली निकाला। छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति का नारा लगाते हुए नशे को ना कहें जीवन को हा कहें, हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त हो जीवन हमारा जैसे नारों से लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। रैली में प्राचार्य श्रीश कुमार पाण्डेय, सीआर साहू, एमएल जंघेल, चंद्रकांत साहू, तामेश्वर साहू, विजयारानी थवाईत, रेणु चौबे, अनुराधासिंह, रजवंती साहू, झामेश्वरी ठाकुर, टोमिन लोधी, माया ठाकुर, देवकी निषाद सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### जांच अभियान तेज

**राजनांदगांव।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रखते हुये जिले के समस्त थाना,चौकी प्रभारियो द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में सघन जांच की जा रही है।संदिग्ध लोगों पर खास नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के सभी प्रमुख मार्ग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले बाज़ार एवं संवेदनशील स्थलों पर व्यापक तलाशी व जांच की गई। राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन एवं डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में डॉग स्काड और बीडीएस टीम द्वारा संघन चेकिंग की गई।

## पिपरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा पैलीमेटा, ऑडिटोरियम की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पिपरिया में आयोजित मुख्य समारोह मे सीएम विष्णुदेव साय ने जिले के विकास को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की ज्यादातर मांगो पर मुहर लगाते हुए पैलीमेटा मे सुरही जलाशय और आसपास के इलाके को पर्यटन केंद्र के रूप मे विकसित करने, पांच सौ सीटर वातानुकूलित ऑडिटोरियम और छुईखदान नगर पंचायत मे पानी टंकी के लिए 50 लाख देने की घोषणा की वही छुईखदान मे पान कैफे, स्किल डेवलपमेंट सेंटर की मांग आने वाले समय मे जल्द पूरा करने और मुढ़ीपार मे कालेज खोलने की मांग को आगामी बजट मे शामिल कर पूरा करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने स्वागत संबोधन के दौरान जिले को सजाने संवारने कृषि विज्ञान केंद्र, नवोदय स्कूल सहित इन मांगो को सामने रखा था जिस पर आकांक्षाओं को देखते हुए सीएम साय ने मंच पर ही मुहर लगा दी।





### विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह दिन जिले के लिए विकास की नई इबारत लिखने वाला है। हमारी प्राथमिकता है कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसका लाभ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मंत्र को दोहराते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महज बीस महीने के कार्यकाल मे पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने के साथ साथ सर्वहारा वर्ग की चिंता कर सरकार काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज का दिन जिले के लिए स्वर्णिम है। जिले के सर्वागीण विकास को लेकर सरकार काम कर रही है। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि सुदुर वनाचंल जहॉ सडक बिजली लोगो के लिए सपना था आज सरकार उसे पूरा कर रही है। इससे पहले अतिथियो ने जिले के थीम सांग को सुना। हिग्राहियो को चेक और सामान दिया। स्वागत संबोधन मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यानिकी, लोक निर्माण, पंचायत सहित अन्य विभागों की योजनाएं और उपलब्धियां प्रदर्शित थीं। उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली, पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरित किया और योजनाओं के समयबद्ध व पारदर्शी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।



# बारिश से फसलों को मिल रही संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र में लंबे अंतराल के बाद बुधवार को रिमझिम बारिश हुई जो फसल के लिए संजीवनी साबित हुई। सावन में कुछ दिन बारिश होने के बाद ब्रेक लग गया था जिससे फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। लगभग पखवाड़े भर तक बारिश नहीं होने से खेतों की नमी गायब हो गई थी।

धान के पौधे पीले पड़ने लगे थे। बुधवार दोपहर को बारिश होने से किसानों की चिंता कुछ कम हुई तथा तापमान में कमी आई है। चकनार के रमेश जंघेल, विशम्भर पटेल आदि ने बताया कि लगातार तापमान बढ़ने तथा खेत सूखने से फसल की स्थिति बिगड़ रही थी। यह बारिश फसलों के लिए संजीवनी है। इसी तरह कुछ दिन बारिश जारी रही तो फसलों की स्थिति बेहतर हो जाएगी।

### खाद और दवा का छिड़काव

खेतों में धान के पौधे तैयार हुए लगभग डेढ़ माह हो चुका है। वर्तमान में खाद एवं दवा का छिड़काव होना था परन्तु खेतों के सूखे होने से किसान खाद और दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे थे। बारिश के बाद किसान दवा और खाद का छिड़काव करने जुट जाएंगे। खेतों में पर्याप्त जल भराव होने पर बियासी कार्य जोर पकड़ेगा।

# दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को इलाज नहीं देने के मामले में कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग

## कलेक्ट्रेट में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नियमों का हवाला देकर दुष्कर्म पीड़िता एक 6 वर्षीया बच्ची को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार नहीं देने के मामले को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा है । शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के दोषी चिकित्सक और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग राज्यपाल से अपने ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

कांग्रेस ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि शहर के पेन्ड्री मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डॉक्टरों की संवेदनहीनता से 06 साल की दुष्कर्म पीड़ति बच्ची का इलाज नहीं किया, दुष्कर्म के बाद गंभीर रूप से घायल बच्ची को उनके माता-पिता बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाये तो डॉक्टरों ने उसे जिला हॉस्पिटल ले जाने की बात कही दी गई।

बिलखते परिजन तड़पती बच्ची को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उसे दोबारा फिर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया ।इस दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा बच्ची को तत्काल ट्रीटमेंट करने की मिन्नत की लेकिन संबंधित विभागाध्यक्ष ने नियमों का हवाला देकर उन्हें लौटा दिया।

कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपने के दौरान कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, दिनेश शर्मा, इकरामुद्दीन सोलंकी, रूपेश दुबे, हफीज खान, डॉ.आफताब आलम, शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, रज्जू जॉन, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा,आसिफ अली, माया शर्मा, अमित खंडेलवाल, अभिमन्यु मिश्रा, पंकज गुप्ता, मो.इब्राहिम, संदीप सोनी, आकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### डॉक्टर में झाड़ा अपना पल्ला

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि दुष्कर्म से पीड़ति एक छह वर्षीया बच्ची का इलाज कराने मेडिकल कालेज लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा नियमों का हवाला देकर पल्ला झाड़ दिया गया । वहीं पुलिस अधिकारी की बातों को भी नजर अंदाज कर इलाज नहीं किया गया। एक मासूम को इलाज की आवश्यकता है पर संवेदनहीनता डॉक्टरों के कारण स्थिति और भी बिगड़ रही है। उन्होंने इस मामले में संबंधित दोषी चिकित्सक, स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### आंदोलन की चेतावनी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही करने और लेट-लतीफी करने पर कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। कांग्रेस द्वारा कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिले और विधानसभा के अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डा.रमन सिंह के निर्वाचन जिले का मेडिकल कॉलेज अस्पताल बदहाल है।

# मोपेड चोरी के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस को मोपेड चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है । पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी ज्यादातर एक्टिवा वाहन को अपना निशाना बनाते थे। आरोपी युवकों द्वारा अवैध तरीके से धन अर्जित करने के लिए उक्त वारदात को अंजाम दिया जाता था। सायबर सेल, थाना बसंतपुर एवं पुलिस चौकी सुकुलदैहान की संयुक्त कार्यवाही से आरोपियों के कब्जे से 9 नग मोपेड वाहन बरामद हुआ है। जप्त दोपहिया वाहन की कीमत लगभग 5 लाख 40 हजार रूपये आंकी गई है ।

प्रार्थी संतु राम देवांगन पिता अशोक देवांगन, निवासी ग्राम सुकुलदैहान की एक नग एक्टिवा दोपहिया वाहन बीते 1 जुलाई की दोपहर सुकुलदैहान के कारगिल चौक से चोरी हो गई थी । जिसकी रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इस दौरान अज्ञात चोर की पताशाजी के लिए जुटी सायबर सेल, थाना बसंतपुर और पुलिस चौकी सुकुलदैहान की संयुक्त टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी सकार सिंह निवासी चिखली के द्वारा चोरी किये गये एक्टिवा वाहन को उपयोग किया जा रहा है ।जिस पर आज पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सकार सिंह को चिखली क्षेत्र से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी द्वारा प्रार्थी की एक्टिवा दोपहिया वाहन अपने साथी गोपाल वर्मा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 1 नग एक्टिवा वाहन बरामद कर लिया।



### अन्य लोगों की पताशाजी

पुलिस द्वारा आरापियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी गोपाल वर्मा एवं साकार सिंह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायलय राजनांदगांव पेश किया गया है। वहीं विवेचना जारी है जिसमें संलिप्त अन्य लोगों की पतासाजी की जा रही है।

### आसपास जिलों में भी करते थे चोरी

पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी सकार सिंह द्वारा अपने साथी गोपाल वर्मा निवासी ठेलकाडीह, हाल निवासी ममता नगर राजनांदगांव के साथ मिलकर जिले के डोंगरगांव, बसंतपुर, लालबाग और सरहदी जिले बालोद एवं दुर्ग क्षेत्र से भी अन्य मोटरसायकल की चोरी करना स्वीकार किया गया । आरोपियों की निशानदेही पर चोरी करने के बाद छिपाकर रखे हुये गये अन्य 8 नग वाहनों को भी बरामद किया गया ।

### अन्य लोगों की गिरफ्तारी की संभावना

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी मोहित गर्ग ने बताया कि अरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त जुपिटर वाहन को भी जब्त किया गया है । आरोपियों से जब्त सभी 9 एक्टिवा वाहनों को लेकर राजनांदगांव जिले के थाना लालबाग, डोंगरगांव, बसंतपुर में और बालोद एंव दुर्ग जिले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गाड़ी मालिकों से संपर्क की जा रही है । इस केस में कुछ और वाहन एंव अन्य लोगों की गिरफ्तारी की संभावना भी है ।

# कालेज में आदिवासी संस्कृति की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ज्ञान और संस्कृति का अद्भुत संगम गंडई महाविद्यालय में देखने को मिला।

यहां समाजशास्त्र विभाग द्वारा 12 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध विरासत, संस्कृति और भविष्य को लेकर गंभीर चर्चा के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

इस आयोजन की मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य ने ने आदिवासी संस्कृति की गहराई को प्रभावशाली तरीके से बताया। विशिष्ट अतिथि प्रदीप कुमार अमिला ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हम अपने अधिकारों और अस्तित्व को सुरक्षित रख सकते हैं। अध्यक्षता कर रहे सहायक प्राध्यापक भागवत राम वर्मा ने जनजाति समाज की अतुल्य ज्ञान परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### मनमोहक नृत्य और उत्साह से भरे छात्र

महाविद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जनजाति संस्कृति से संबंधित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

छात्रों ने नृत्य ही नहीं, बल्कि प्रेरणादायक उद्बोधनों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्राध्यापक असित साहू, डॉ पदमिनी सिंह, गौरव जैन, शिल्पी देवांगन, शुभम दुबे, दीपांशु यादव आदि उपस्थित थे। संचालन बलकेश्वरी और धनंजय और डॉ. ओमप्रकाश कौशिक ने आभार व्यक्त किया।

# कार्यकर्ता और सहायिकाएं रहीं हड़ताल पर

**राजनांदगांव।** अपनी दो सूत्रीय मुख्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने एक दिवसीय हड़ताल किया। जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के बैनर तले महिलाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन स्थल पर बैठकर अपनी मांगों को पूरी करने आवाज बुलंद की। जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की लंबित मांगों को पूर्ण करने प्रांतीय आव्हान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं द्वारा एक दिवसीय ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन किया गया।

अपने धरना प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग की, वहीं जब तक शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया जाता है तब तक मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय देने और अपनी दूसरे मांग के तहत पर्ववेक्षक भर्ती तत्काल निकालने एवं आयु सीमा बंधन हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नति देने की मांग की है।

जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिला अध्यक्ष गीता ठाकुर ने कहा कि सरकार हमसे काफी कम लेती है, लेकिन हमारी मांगे पूरी नहीं कर रही है । उन्होंने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

उन्होने सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नत करने और उम्र का बंधन हटाने मांग की है।

### बंद रही आंगनबाड़ी

इधर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के हड़ताल पर चले जाने से आंगनबाड़ियों में ताला लटका रहा। सुबह बच्चे आंगनबाड़ी पहुंचकर वापस लौट गए, कुछ बच्चों को सहायिका घर तक लेने नहीं पहुंची, ऐसे में आंगनबाड़ियों में मिलने वाले भोजन से भी बच्चे वंचित हुए।

### पोषण ट्रेकर एप से समस्या

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण ट्रेकर एप में आने वाली समस्या को लेकर भी अवगत कराया उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से कार्य करने में काफी दिक्कतें होती है। रेडी टू ईट का वितरण करने में समस्या हो रही है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं दुलारी बाई विश्वकर्मा आयु 43 वर्ष पति राकेश विश्वकर्मा, जाति लोहार, नंदई नाका, वार्ड नं. 42, शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्न कथन प्रस्तुत करती हूँ :-

1. यह कि मैं अपना नाम अंजली विश्वकर्मा ANJALEE VISHWAKARMA से बदलकर दुलारी बाई विश्वकर्मा DULARI BAI VISHWAKARMA कर ली हूँ।

अब मुझे दुलारी बाई विश्वकर्मा के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावेगा। नाम परिवर्तन के समर्थन में सूचना प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ। जिस संबंध में शपथ प्रस्तुत है।

2. यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पाई जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

शपथकर्ता
दुलारी बाई विश्वकर्मा
पति राकेश विश्वकर्मा, नंदई नाका,
वार्ड नं. 42, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)




## लोधी समाज का जिला स्तरीय महोत्सव

# भोजली में प्रतिभाशाली सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- झुरानदी में धूमधाम से मनाया गया भोजली महोत्सव, बड़ी संख्या में रही उपस्थिति

लोधी समाज द्वारा छुईखदान सर्किल के ग्राम झुरानदी में जिला स्तरीय भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा थी। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल थे। निर्मला विजय वर्मा के गृह ग्राम में पहुंचे अतिथियों का गाजे बाजे के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, जनपद सदस्य होमेश्वरी वैष्णव, सरपंच देवकी रजक ने किया।



### हुए सांस्कृतिक आयोजन

कार्यक्रम में समाज के होनहार छात्रों को अतिथियों ने सम्मानित किया। समाजिक परम्परा अनुसार इस साल विवाहित लड़कियों का उजेना कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक यशोदा नीलांबर द्वारा श्रृंगार वितरण किया। तत्पश्चात पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं द्वारा सुआ नृत्य प्रस्तुत किया। भोजली माता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान आयोजित भोजली एवं सुआ प्रतिभागी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### सामाजिकजन रहे मौजूद

कार्यक्रम में कमलेश्वर वर्मा, विष्णु लोधी, भरत वर्मा, मोतीलाल जंघेल, तीरथ चंदेल, भुखन जंघेल, गुलाब वर्मा, राजभान लोधी, दशमत जंघेल, नंद बाबा चंदेल, सुरेश सिगौर, बलदाऊ जंघेल, मूलचंद लोधी, दिनेश वर्मा, निर्मला विजय वर्मा, पुष्पा प्रकाश वर्मा, राजू जंघेल, ज्योति सुरेन्द्र जंघेल, राजिम मुकेश चंदेल, सुमरित उत्तम जंघेल, संगीता अंजू जंघेल, दुष्यंत जंघेल, होमेश्वरी दिनेश वैष्णव, कुसुम नेहरू जंघेल, देवकी विनोद रजक, अशोक जंघेल, नेतराम जंघेल, दयालाल मसखरे, मिनेश जंघेल, रोहित जंघेल, उत्तम चंद जंघेल, नंद चंदेल, अवध जंघेल, स्वरूप वर्मा, कमलेश चंदेल उपस्थितथे। संचालन जिला लोधी समाज के महासचिव नंद चंदेल एवं जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने किया।

## सार समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे ध्वजारोहण



**राजनांदगांव** । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2025 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में परेड का मार्च पास्ट, परेड कमांडरों का परिचय एवं फोटोग्राफी, शहीद परिवारों से भेंट, पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दौड़ आज

**राजनांदगांव** । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपनी भावना एवं एकता को अभिव्यक्त करते हुए 14 अगस्त को सुबह 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान गौरव पथ राजनांदगांव में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया है। स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान गौरव पथ राजनांदगांव से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक, दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान गौरव पथ राजनांदगांव में स्वतंत्रता दौड़ का समापन होगा। स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, क्लब एवं मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए है। स्वतंत्रता दिवस पर संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### महाराष्ट्र निर्मित 9 बल्क लीटर देशी दारू संत्री जप्त

**राजनांदगांव**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग थाना छुरिया के ग्राम बैरागी भेड़ी में बीरबल यादव के कब्जे से देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित 50 पाव मात्रा 9 बल्क लीटर जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह, आबकारी आरक्षक नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

### जन्माष्टमी पर 16 को शोभायात्रा

**राजनांदगांव**। जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज द्वारा आगामी 16 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाजाएगी।
समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर 16 अगस्त दिन- शनिवार समय दोपहर 1 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास से विशाल शोभायात्रा झांकी निकाली जायेगी। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्टेट हाई स्कूल मैदान में शोभायात्रा का समापन होगा। शोभयात्रा में भगवान श्री कृष्ण झूले के साथ झुलते हुए नगर आयेंगे। विभिन्न प्रकार के बाजे-गाजे, भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### पेंड्री में मना भोजली महोत्सव

**राजनांदगांव**। पेण्ड्री में रक्षाबंधन के पर्व पर विधि-विधान के साथ भोजली महोत्सव बड़े धूम-धाम तथा वेशभूषा बाजा गाजे के साथ वार्ड एवं मोहल्ले में भ्रमण कर माँ शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर तालाब में विसर्जित किया गया। कार्यक्रम पार्षद कुलेश्वर धुरव एवं वार्ड विकास समिति के प्रमुख बेलस राम ठाकुर, मेघदास वैष्णव, ईशाक खान, परस लहरे, तालुक देवदास, अंदरूस ठाकुर, गणेश सुपले, लक्ष्मण ठाकुर, नंदकुमार नेताम, लोभांश साहू, मोहन खरे, तानेश्वर ठाकुर, दयालू खरे, ईश्वर साहू, उमेन्द्र नेताम सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ, बच्चे सहित वार्डवासीगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी वार्ड विकास समिति के सलाहकार मेघदास वैष्णव ने दी।



### सत्यनारायण मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव 16 को

**राजनांदगांव**। श्री सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन में जन्माष्टमी महोत्सव 16 अगस्त को धूमधाम से मनाये जाने की व्यापक तैयारियां की जा रही है। ज्ञातव्य है कि श्री सत्यनारायण मंदिर में लगभग 100 वर्षों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर भव्य स्वरूप में मंदिर को सजाए जाने की परम्परा है। इस दिन मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों को भीड़ उमड़ पड़ती है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह के साथ ही भगवान श्रीमन्नारायण एवं महालक्ष्मी जी को भगवान राधाकृष्ण के स्वरूप में विशेष रूप सजाया जा रहा है। रात्रि 8.00 बजे से भव्य भजन संध्या आयोजित है, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक आकाश शर्मा एवं साथियों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मध्यरात्रि को भगवान कृष्ण जी का जन्म होगा एवं आरती पश्चात भक्तों को प्रसाद स्वरूप पंचामृत, धनिया पंजीरी प्राप्त होगी।

## दुष्कर्म पीड़िता का इलाज नहीं करने के मामले ने पकड़ा तूल

# मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों पर मढ़ा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

6 वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता का इलाज नहीं करने के मामले में घिरे मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा अपना स्पष्टीकरण जारी किया गया है । जिसमें मेडिकल कॉलेज ने अपना पल्ला झाड़कर जिला अस्पताल को घेरा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा इस मामले में जिला अस्पताल की चिकित्सक की लापरवाही बताई जा रही है और मेडिकल कॉलेज अस्पताल अपने नियम कानून का हवाला दे रहा है। इस संवेदनशील मामले में एक अस्पताल का दूसरे अस्पताल पर आरोप प्रत्यारोप करने से यहां की चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति को समझा जा सकता है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का कहना है कि कि पॉक्सो अथवा दुष्कर्म के मामलों में मेडिकल जांच एवं रिपोर्ट घटनास्थल पीएचसी, सीएचसी अथवा जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर या स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा तैयार की जाती है। यह प्रक्रिया प्रदेश के अन्य जिलों दुर्ग, अबिकापुर रायगढ़ कांकेर, महासमुंद, रायपुर में भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है।

### मेडिकल कॉलेज में सर्जरी और गहन चिकित्सा

मेडिकल कॉलेज एक सैक्षणिक एवं तृतीय स्तरीय चिकित्सा संस्थान है, वहां रेप पीडिताओं को केवल आवश्यकता पड़ने पर सर्जरी या गहन चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है। पॉक्सो एवं दुष्कर्म के अंतर्गत प्राथमिक मुलाहिजा रिपोर्ट तैयार करना राज्य स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पदस्थ मेडिकल ऑफिसर का प्रथम दायित्व है, जिसे करने से वे इनकार नहीं कर सकते।



### नियमानुसार भेजा गया अस्पताल

स्पष्टीकरण में कहा गया है कि पीडिता बिना एफआईआर के पुलिस अधिकारियों के साथ सीधे मेडिकल कॉलेज के स्त्रीरोग विभाग में पहुंची थी और उसे तत्काल उपचार की आवश्यकता नहीं थी। उसे नियमानुसार पॉक्सों की जांच हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

### तथ्यहीन दावा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल द्वारा जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि खबरों में यह दावा किया गया था कि पीडिता दर्द से तड़प रही थी और तत्काल इलाज की आवश्यकता थी यह दावा पूरी तरह तथ्यहीन है।

### डॉक्टर पर लगाया आरोप

स्पष्टीकरण में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल की चिकित्सा पर आरोप लगाया है उन्होंने कहा है कि जिला अस्पताल की डॉ. प्रियंका आर्य ने रात्रि में आधी रिपोर्ट तैयार कर, पीड़िता का सैंपल लिए बिना, अगली सुबह मेडिकल कॉलेज भेज दिया जो कि निर्धारित प्रक्रिया के विरुद्ध था। उन्होंने एमएलसी प्रकरण में अपने विशेषज्ञ डॉक्टर से राय लेना भी आवश्यक नहीं समझा।

### पुराना मामला भी लाया सामने

जून माह में भी जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर व विशेषज्ञों ने /"महिला चिकित्सक उपलब्ध न होने/" का हवाला देकर पॉक्सो रिपोर्ट बनाते से मना कर दिया था। वर्तमान में वहां 2 विशेषज्ञ जिसमें 1 महिला, 1 पुरुष एवं 5 महिला मेडिकल ऑफिसर उपलब्ध हैं।

### मोतीपुर में 15 को तिरंगा यात्रा

**राजनांदगांव**। स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर मोर तिरंगा मोर अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त को समय 10 बजे मोतीपुर नगर वासियों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला इकाई राजनांदगांव एवं अखिल भारतीय सैन्य मातृशक्ति जिला राजनांदगांव के सभी पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्ति भी स्वतंत्रता दिवस की राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान में सम्मिलित होंगे। जिसमें मुख्यत : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला राजनांदगांव से जिला अध्यक्ष अशोक झा,संरक्षक गुरमीत सिंह भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत रावटे, गुमान दास साहू, झनक लाल विश्वकर्मा, कमलेश विजयवार, टी राव,पी राजू,ए के तिवारी, अमर साव,ईश्वर जागृति, उमेश गंगबेर, संतोष सिंह, मातृशक्ति में जिला अध्यक्ष वर्षा राऊटे, ठगिया साहू,संगीता साहू, संगीता राव, शिवानी साव सहित अन्य मातृशक्ति उपस्थित होंगे। और तिरंगा यात्रा का सहसंयोजक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का संयोजक संतोष सिंह है

# खाद की कमी और कालाबाजारी के मामले में किसानों का पैदल मार्च

**राजजनांदगांव**। प्रदेश किसान संघ द्वारा खाद की कमी, खाद की कालाबाजारी, समर्थन मुल्य वृद्धि का लाभ देने, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त की राशि देने की मांग को लेकर सहकारी बैक से कलेक्टोरेट कार्यालय तक किसान मार्च निकाला। पैदल मार्च के दौरान किसानों ने खाद की कमी को लेकर कलेक्टोरेट गेट पर जमकर नारेबाजी की और डिप्टी कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया और अपनी मांगे पूरी करने कहा।



### अमेरिका से किसान विरोधी समझौते का विरोध

अपने प्रदर्शन के माध्यम से किसानों ने केन्द्र की मोदी सरकार से छत्तीसगढ के किसानों का पूरा धान खरीदने की मांग की है। किसानों ने कहा कि केन्द्र सरकार अमेरिका से कृषि समझौते करने जा रही है, जो किसान और राष्ट्र विरोधी निर्णय है। किसानों ने इस मामले में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर मांग की है अमेरिका से समझौत नहीं करने केन्द्र की सरकार निर्देशित करें।

### अंतर की राशि देने की मांग

प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि अभी खेती का कार्य चल रहा है, किसानों को यूर्या, डीएपी की काफी आवशयकता है। सोसाईटियों में खाद नहीं मिल रहा, कालाबाजारी रोके नहीं रूक रही है। हमारी मांग है कि तत्काल किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होने कहा कि बीते वर्ष धान में 117 रुपये समर्थन मूल्य की वृद्धि हुई थी, उसके अंतर की राशि दी जाए, वहीं इस वर्ष 69 रुपये के राशि की वृद्धि हुई है जिसे देने की घोषणा धान खरीदी से पहले की जाए।

### परेड का किया रिहर्सल



**राजनांदगांव**। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल बुधवार को सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। जिला पंचायत सीईओ ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ आरोपी प्रधान पाठक गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। नाबालिग बालिका से छेडछाड के मामले में जांच पडताल करते हुए पुलिस ने आरोपी प्रधान पाठक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 9 अगस्त को प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी नाबालिग लड़की के साथ स्कूल का प्रधान पाठक नेतराम वर्मा द्वारा बाडी पार्टस पढ़ाने के बहाने बच्चियों को अपने ऑफिस मे बुलाकर बुरी नियत से अश्लील हरकत किया है। जिससे बच्ची स्कूल जाने के नाम पर डर सहम गयी है । रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में चौकी चिखली पुलिस की टीम फरार आरोपी के पता तलाश हेतु लगातार आरोपी के रिस्तेदारों, रूकने ठहरने के स्थानो, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं अलग-अलग क्षेत्रो में दबिश दिया जा रहा था।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी नेतराम वर्मा उम्र 52 साल साकिन चिखली को बाहर भागने के फिराक में भिलाई सेक्टर फ्लाई ओवर के नीचे साधन का इंतजार कर रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा सतर्कता पूर्वक विभिन्न तकनीकी साधनों के प्रयोग से दबिश देकर पकड़ा गया एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# सीएम साय ने स्वच्छता दीदीयो का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण में इस वर्ष 2024-25 के सर्वे में संस्कारधानी राजनांदगांव ने नगर के जनसंख्या के आधार पर 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के केटेगरी में शहर को भारत में 14वां स्थान तथा प्रदेश के सभी जिलों में 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर मंगलवार को बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता संगम 2025 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव की उपस्थिति में राजनांदगांव को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वच्छता दीदीयों को शुभकामनाएं देते उनका सम्मान किया गया।




इस सर्वेक्षण में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री साव ने बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 कार्यक्रम में राजनांदगांव को सम्मानित करते महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा सहित पार्षदों एवं स्वच्छता दीदीयों व सफाई कर्मियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से स्वच्छता सर्वेक्षण में जो भी निकाय केन्द्र सरकार की स्वच्छता रैंकिंग में अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा, उसे राज्य सरकार की ओर से 1 करोड़, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले निकाय को 50 लाख व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले निकाय को 25 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।

बिलासपुर में राजनांदगांव को सम्मानित करने पर महापौर मधुसूदन यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया।









### रैली: तिरंगा यात्रा हमारी एकता, त्याग और राष्ट्रप्रेम का सशक्त प्रतीक : भावना बोहरा

# ऑपरेशन सिंदूर व जवानों के सम्मान में निकाली गई विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा





स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान में आज देशभर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं हमारे सेना के जवानों व स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा में भी विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में कुण्डा मंडल में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं है, बल्कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी जड़ों, संस्कृति और स्वतंत्रता के मूल्यों से जोड़ने का एक प्रयास है। यह अभियान हमें एकजुट होकर एक मजबूत, समृद्ध और गौरवशाली भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित कर देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देता है और नागरिकों को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों की याद दिलाता है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और अभिमान है। इस तिरंगे की रक्षा एवं देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए असंख्य राष्ट्रभक्तों, सेनानियों एवं वीर योद्धाओ ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। हर घर तिरंगा यात्रा उन्हीं असंख्य राष्ट्रभक्तों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और राष्ट्रप्रेम के पुनर्जागरण का समय है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सेना के वीर जवानों ने जिस प्रकार पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, उनके पोषित आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया और विश्व को अपनी आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सजगता व प्रतिबद्धता का परिचय दिया उसके सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तिरंगा यात्रा में पंडरिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मंडल, शक्ति केंद्र व बूथ के प्रभारी, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

#### तिरंगा हमारा गौरव, एकता व स्वतंत्रता का प्रतीक

भावना बोहरा ने कहा कि तिरंगा हमारा गौरव, हमारी एकता और हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर की थी, एक ऐसा जन आंदोलन है, जो देश के हर नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज से जोड़ता है। इस अभियान का उद्देश्य है कि 13 से 15 अगस्त के बीच देश का हर घर तिरंगे से सुशोभित हो। यह केवल एक झंडा फहराने की बात नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को हर दिल तक पहुंचाने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प है। हमारा तिरंगा केसरिया, सफेद, हरा रंग और बीच में अशोक चक्र है जो हमारी विविधता में एकता, हमारे बलिदानों और हमारे सपनों का प्रतीक है। केसरिया रंग साहस और बलिदान को दर्शाता है, सफेद रंग शांति और सत्य को और हरा रंग समृद्धि और विकास को। अशोक चक्र हमें निरंतर प्रगति की प्रेरणा देता है। इस अभियान ने न केवल देशभक्ति को बढ़ावा दिया है, बल्कि खादी और हथकरघा उद्योग से जुड़े कारीगरों को रोजगार भी प्रदान किया है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## घुघरीकला के शिक्षक का सराहनीय नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला में शाला के प्रधान पाठक धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में सर्वप्रथम सभी बच्चों को घर में पढ़ाई करने का टाईम टेबल निर्माण कर पढ़ाई करने का समय शाला के ग्रुप में भेजने निर्देशित किया गया। तत्पश्चात बच्चे उक्त पढ़ने के टाईम टेबल का पालन कर रहे हैं कि नई इसको जानने के लिए शाला के शिक्षक रुपेश कुमार तिवारी और रोहित साहू ने शाला समय के उपरांत शाम 5.30 से शाम 7.30 बजे तक घर-घर जाकर संपर्क किया गया, तब कुछ बच्चे घर में पढ़ाई करते हुए मिले और कुछ बच्चे घूमते खेलते मिले जबकि उनके टाईम टेबल में पढ़ने का समय था। अतः पढ़ाई करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और जो बच्चे घूमते मिले ऐसे बच्चों के पालकों से चर्चा कर पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया तथा बच्चों को भी पढ़ने हेतु समझाइश दी गई और ये कार्य अचानक किया जा रहा है, ऐसा अवलोकन करने से निश्चित ही पालकों से शिक्षकों का जुड़ाव मजबूत होगा तथा पालक भी अपने पाल्य को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगे इसके अलावा बच्चों में अध्यापन के प्रति रुचि के साथ ही गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा।

#### कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिमरा मे कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति के गीत एवं देश प्रेम की भावना सुदृढ़ करने देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा सौरभ कालिया मनोज पाण्डेय, बलवान सिंह के शौर्य वह पराक्रम जो देश को गौरवान्वित करते है उन्हे नमन करते देश के वीर-जवानों की वेशभूषा में बच्चों को तैयार कर तिरंगे झंडे की सलामी ली गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने किया इन्होंने कारगिल युद्ध में जुलाई 1999 की प्रमुख घटनाओं एवं देश के जवानों की वीरता की कहानी बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना सुदृढ़ करने देश भक्ति के गीत एवं तिरंगे झंडे की आन-बान-शान को चित्रित किया।

### खबर संक्षेप

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्जुन तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधानसभा व क्षेत्र के सबसे मजबूत जनाधार राजनीतिक गुरु अर्जुन तिवारी पूर्व महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर, पूर्व संगठन प्रभारी जिला जांजगीर-चांपा का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ बुके, गुलदस्ता व गुलाल लगाकर मनाया गया वहीं कार्यक्रर्ताओं ने उन्हे बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, दिनेश पाण्डेय, पवन शर्मा, विनोद रजक, पालन, अविनाश कश्यप, लाला चंद्रवंशी, साधेराम अनंत, रामातार सिंगरौल, ओमकार साहू, परमानंद साहू, लखन सिंगरौल, अंशु प्रशांत खाण्डे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व कांग्रेस के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गणों ने बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की।



## बैठक आयोजित कर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने 22 अगस्त को हड़ताल का किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏩पंडरिया



मंगलवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन विकासखंड पंडरिया के बैनर तले विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंडरिया के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में 22 अगस्त को प्रस्तावित हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया गया।

बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडरिया के समस्त स्टॉफ, कन्या हॉयर सेकेण्डरी स्कूल पंडरिया के शिक्षकों और कर्मचारियों को भी हड़ताल में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही फॉरेस्ट विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित पंडरिया के सभी शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के सदस्य उपस्थित थें। बैठक में मुख्य रूप से दीपक ठाकुर, जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, प्रफुल बिसेन, ब्लॉक अध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन संतोष साहू, जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी पेंशनर संघ, अर्जुन चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, एसपी डड़सेना, जिला कोषाध्यक्ष, संतोष सोनी, संगठन सचिव, बलराम घृतलहरे, अध्यक्ष, लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ गणेश राम कोल, जिला अध्यक्ष, लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर 22 अगस्त की हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया।

#### महिलाओं ने उपवास रहकर बहुला चतुर्थी व्रत कथा सुनी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव निवासी श्रीमती शकुन शंभू शर्मा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला द्वारा बहुला चतुर्थी व्रत उपवास रहकर बड़ी धूमधाम से विधि विधान से गौ माता की पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार गांव के सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद गौ माता से मांगा और फिर उसके बाद कथा सुना गया। बहुला चतुर्थी व्रत से संबंधित एक बड़ी ही रोचक कथा प्रचलित है। जब भगवान विष्णु का कृष्ण रूप में अवतार हुआ तब इनकी लीला में शामिल होने के लिए देवी-देवताओं ने भी गोप-गोपियों का रूप लेकर अवतार लिया। कामधेनु नाम की गाय के मन में भी कृष्ण की सेवा का विचार आया और अपने अंश से बहुला नाम की गाय बनकर नंद बाबा की गौशाला में आ गई। भगवान श्रीकृष्ण का बहुला गाय से बड़ा स्नेह था। एक बार श्रीकृष्ण के मन में बहुला की परीक्षा लेने का विचार आया। जब बहुला वन में चर रही थी तब भगवान सिंह रूप में प्रकट हो गए। मौत बनकर सामने खड़े सिंह को देखकर बहुला भयभीत हो गई, लेकिन हिम्मत करके सिंह से बोली, हे वनराज मेरा बछड़ा भूखा है। बछड़े को दूध पिलाकर मैं आपका आहार बनने वापस आ जाऊंगी। सिंह ने कहा कि सामने आए आहार को कैसे जाने दूं, तुम वापस नहीं आई तो मैं भूखा ही रह जाऊंगा। बहुला ने सत्य और धर्म की शपथ लेकर कहा कि मैं अवश्य वापस आऊंगी। बहुला की शपथ से प्रभावित होकर सिंह बने श्रीकृष्ण ने बहुला को जाने दिया। बहुला अपने बछड़े को दूध पिलाकर वापस वन में आ गई। बहुला की सत्यनिष्ठा देखकर श्रीकृष्ण अत्यंत प्रसन्न हुए और अपने वास्तविक स्वरूप में आकर कहा कि हे बहुला, तुम परीक्षा में सफल हुई। अब से भाद्रपद चतुर्थी के दिन गौ-माता के रूप में तुम्हारी पूजा होगी। तुम्हारी पूजा करने वाले को धन और संतान का सुख मिलेगा।

#### वनमाली केन्द्र की संगोष्ठी में राष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी दी गई



**हरिभूमि कवर्धा।** वनमाली सृजन केन्द्र की कवर्धा इकाई एवं पाठक मंच की एक संगोष्ठी विगत दिनों 10 अगस्त की शाम को सर्किट हाउस के अशोक हाल में संपन्न हुई। केन्द्र के अध्यक्ष नीरज मनजीत ने बताया कि ख्यात कथाकार, शिक्षाविद, विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे वनमाली की 113वीं जयंती पर देश भर के वनमाली सृजन केन्द्रों का पांचवां राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश में स्थापित सौ से ज्यादा वनमाली केंद्रों के अध्यक्ष, संयोजक एवं रचनाकार सदस्य शामिल हुए थे। सुप्रसिद्ध कवि कथाकार, विश्व रंग के निर्देशक, वनमाली सृजन पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस यात्रा में भारत के सुदूर अंचलों में केंद्रों की स्थापना के साथ विश्व रंग के रूप में समूचे विश्व के 65 से अधिक देशों में अपना परचम लहराया गया है और हिंदी के लिए वैश्विक स्तर पर एक नई जमीन तैयार की गई है। टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने निराला, नागार्जुन, कुंवर नारायण, संतोष चौबे, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, अरुण कमल, राजेश जोशी, साहिर की रचनाओं की बहुत ही सुंदर सांगीतिक प्रस्तुतियां दी। इस जानकारी के बाद कविता पाठ के सत्र में अंकुर गुप्ता ने अपनी कविता में बचपन की मासूम स्मृतियों को व्यक्त किया। विवेक झरबड़े ने गद्य कविता पढ़ी। प्रहलाद सिंह पात्रे ने व्यंग्य के जरिए अर्जी की विसंगति को व्यक्त किया। पुष्पांजलि नागले ने मधुर स्वर में बारहमासी की सुंदर अभिव्यक्ति दी। नीरज मनजीत ने बारिश की सुबह को नए बिम्बों में व्यक्त करते हुए कविता सुनाई। महेश आमदे ने कबीर की शैली में कविता पाठ किया। नरेन्द्र कुमार कुलमित्र ने अभावग्रस्त लोगों की दिनचर्या से कैसे प्रेरणा ले सकते हैं, इस विषय पर संवेदनशील कविता पढ़ी। अजय चंद्रवंशी ने अपनी रचना में साम्प्रदायिक विवादों पर तीखा व्यंग्य किया और मां पर बहुत ही भावपूर्ण कविता सुनाई, राजाराम हलवाई सुधी श्रोता के रूप में उपस्थित थे।

## स्वामी स्वरूपानंद विद्यालय बिरकोना में विधिक जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के निर्देशानुसार तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के कुशल मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता की इसी श्रृंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा द्वारा स्वामी स्वरूपानंद शासकीय हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय, बिरकोना, जिला कबीरधाम में उपस्थित विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अधिनियम 1987, बाल श्रम निषेध अधिनियम, किशोर न्याय, बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, मोटरयान अधिनियम अंतर्गत वाहनों की विज्ञप्ति, बीमा जैसे अनिवार्य प्रावधान, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, साईबर अपराध एवं आईटी एक्टए तथा चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 के बारे में सारगर्भित रूप से जानकारी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ;नालसाद्ध को न्याय की सुलभ प्राप्ति कराने के लिए योजनाओं के निर्माण एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश प्रसारित करने निर्देशित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय के इसी पहल को साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए नालसा द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराकर जागरूक करने ष्डॉन स्कीमष्ठ का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का प्रमुख लक्ष्य आज वर्तमान समय में मादक द्रव्यों का सेवन खासतौर पर बच्चों और युवाओं जैसे जन समुदाय को हानिकारक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है जिससे गंभीर सामाजिक.आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणाम उत्पन्न हो रहे हैं। प्रायः यह देखा जा रहा है किए गंभीर अपराधों में व्यक्ति की संलिप्तता भी कहीं न कहीं इन मादक द्रव्यों के सेवन से हो रही है जिसके सेवन से व्यक्ति की सोचने.समझने की क्षमता प्रभावित होती है और वह इन आपराधिक कार्यो में संलिप्त हो जाता है। अतः इस योजना का प्रमुख उद्देश्य कानूनी हस्तक्षेप के माध्यम से जागरूकता अभियान और व्यापक पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन करते हुए एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त भारत की ओर मार्ग प्रशस्त करना है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर, सांसद संतोष पाण्डेय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

## 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस आयोजन के लिए किया अंतिम पूर्वभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त वर्ष 2025 का जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन कवर्धा के स्थानीय आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान पर किया जाएगा। सांसद संतोष पाण्डेय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। सांसद श्री पाण्डेय परेड की सलामी लेंगें और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। मुख्य समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड की सलामी तथा निरीक्षण का बुधवार को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ की विशेष उपस्थिति में आज स्वतंत्रता दिवस आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। कलेक्टर ने पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए है। प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी स्वतत्रंता दिवस 15 अगस्त दिन शुक्रवार को गरिमामय तरीके से आयोजित होगा। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। जिला स्तर पर मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। पुलिस और नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी दी जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जारी जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। परेड की सलामी 11 टुकड़ियों द्वारा दी जाएगी जिसमें 17 वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरूष-महिला, नगर सेना, फारेस्ट गार्ड, एनसीसी सीनियर बालक, बालिका पीजी कॉलेज, एनसीसी बालक, बालिका स्वामी करपात्री स्कूल, एनसीसी स्वामी आत्मानंद स्कूल और जिला गाईड टीम के स्काउड गाईड के दल होगें। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिले के 06 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

इस वर्ष रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह परेड का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय कमांडर एसआई त्रिलोक प्रधान होंगे। पूर्वाभ्यास के अवसर पर अपर कलेक्टर, पीएचई, शिक्षा, खाद्य, नगर पालिका, आरटीओं, मत्स्य पालन, उद्यानिकी और अन्य विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### विद्यार्थियों द्वारा दी जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

जिला मुख्यालय में पीजी कालेज मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिले के 6 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और ग्रामीण परिवेश पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह के शुरूआत में अशोका पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस और सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एरोबिक की प्रस्तुति से होगी। तत्पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल दुर्गावती चौक के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, पीएमश्री स्कूल सिंग्नल चौक, दिशा पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल कहचरी पारा, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय और दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा देश भक्ति नृत्य पर प्रस्तुति दी जाएगी।

#### परेड में 11 प्लाटून होंगी शामिल

स्वतंत्रता दिवस परेड में इस वर्ष कुल 11 टोलियां शामिल होगी। जिसमें सशस्त्र प्लाटून से 17वीं वाहिनी छग बल से प्लाटून कमांडर एएसआई प्रभुदयाल गर्ग, जिला पुलिस बल से प्लाटून कमांडर एसआई सिकंदर कुर्रे, जिला पुलिस बल महिला से प्लाटून कमांडर एसआई शांता लकड़ा, नगर सेना से प्लाटून कमांडर एएसआई कृष्णा चंद्रवंशी, वन विभाग के कमांडर भोलाराम साहू, एनसीसी पीजी कॉलेज के कमांडर तरूण पटेल, एनसीसी विंग पीजी कॉलेज लक्ष्मी कार्निक, एनसीसी स्वामी करपात्री स्कूल के कमांडर धनंजय साहू, एनसीसी स्वामी करपात्री स्कूल के कमांडर प्रतिक्षा बाचकर, एनसीसी स्वामी आत्मानंद स्कूल के कमांडर भुपेन्द्र धुर्वे और जिला गाईड टीम से कमांडर पुष्पांजली तिवारी परेड का प्रतिनिधित्व करेगें।



## खबर संक्षेप

### कवर्धा में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी। जिला खेल अधिकारी श्री महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा से स्वामी करपात्री स्कूल, सरदार पटेल मैदान, भारत माता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, गुरूनानक चौक, बाजार से होते हुए ऋषभ देव चौक, एकता चौक, वीर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक से होते हुए स्वामी करपात्री स्कूल से होते हुए आऊटडोर स्टेडियम में समापन होगा। उन्होंने मिडिल स्कूल, हाई स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी एवं आम नागरिक गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त पत्रकार बन्धुओं को स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने की अपील की हैं।

### डीईओ कार्यालय में ली गई राष्ट्रीय ध्वज की शपथ

**कवर्धा।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, एमके गुप्ता एवं डीजी पात्रा, एमआईएस प्रशासक सतीश यदु, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी दिनेश कुमार साहू, मुख्य लिपिक शिव कुमार निर्मलकर सहित कार्यालय परिवार के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


**समस्या:** हाथी को खदेड़ने थाली पीट रहे ग्रामीण, फोड़ रहे पटाखे

# तीन दिनो से पंडरिया क्षेत्र के जंगलों में हाथी का डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते रविवार से जिले की सीमा में दाखिल हुआ जंगली हांथी तीन दिन बाद एक बार फिर वन परिक्षेत्र पंडरिया में नजर आया है। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह इस जंगली हाथी को डेंगुरजाम के जंगलों में देखा गया था। हाथी पर लोगों की नजर पड़ते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और लोग थाली आदि पीटते हुए हाथी को खदेड़ने में जुट गए। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग का अमला भी मौके पर पहुंचकर हाथी पर नजर रखे हुए है लेकिन डेंगुरजाम से लोगों द्वारा खदेड़े जाने के बाद हाथी नेउर गांव तथा टेड़ापानी की तरफ बढ़ गया। यहां भी हांथी के पहुंचने की खबर के बाद लोग हाथी के पीछे लग गए और अपने क्षेत्र से हाथी को खदेड़ने में जुटे हुए हैं। हालांकि वन विभाग तथा क्षेत्र के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक हाथी द्वारा किसी प्रकार के कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन जंगली की हाथी की क्षेत्र की मौजूदगी लोगों को डरा रही है और वे उसे अपने क्षेत्र से बाहर निकालना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि गत रविवार को एक जंगली हाथी अपने झुंड से बिछुड़कर कबीरधाम जिले अंतर्गत विकासखण्ड पंडरिया के सीमावर्ती गांव में दाखिल हो गया है। जिसकी जानकारी मिलने के बाद दहशतजदा ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी थी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंचे वन विभाग का अमला हाथी पर नजर रखे हुए था लेकिन सोमवार को हाथी अचालक गायब हो गया। माना जा रहा था कि हाथी वापस मध्यप्रदेश की सीमा में चला गया है। लेकिन बुधवार को वह एक बार फिर डेंगुरजाम में नजर आया। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति मची हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार जंगली हाथी ऐसे वक्त में जिले के सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में दाखिल हुआ है जब बारिश का सीजन चल रहा है। इस समय जंगल काफी घना हो चुका है ऐसे में वन विभाग की टीम को हाथी पर नजर बनाए रखने में खासी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ हाथी को भी इस सीजन में जंगल के भीतर खाने पीने की कोई कमी नहीं है इसलिए वह भी मैदानी और खुले स्थान में नहीं आ रहा है और जंगल में ही दुबका हुआ है। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक एक बार फिर हाथी जंगलों में ही गायब हो गया है। लेकिन वन विभाग लगातार हाथी की गतिविधियों में नजर रखे हुए है।

### वन विभाग ने ग्रामीणों को दी समझाईश



हाथी के गांव पहुंचने की खबर मिलने के बाद से वन विभाग अलर्ट हो गया है। वन विभाग के कर्मचारी गांव में मुनादी कर लोगों को हाथी से दूर रहने और जंगल में अकेले घूमने से मना कर रहे हैं। वन विभाग हाथी की निगरानी कर रहा है। वन विभाग ने बताया एक जंगली हाथी रविवार से कबीरधाम जिले में घूम रहा है। हाथी लगातार वन परिक्षेत्र पूर्व और पश्चिम में मूवमेंट कर रहा है। अभी तक किसी तरह के कोई बड़े नुकसान की खबर नहीं मिली है। वन विभाग की टीम लगातार हाथी पर नजर बनाए हुए है। क्षेत्रीय गांवों में मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को समझाईश दी जा रही है।

# अशोक साहू बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, संतोष पाण्डेय होंगे मुख्य प्रवक्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने अपनी टीम घोषित कर दी है। हर्ष का विषय यह है कि भाजपा ने इस बार संगठन में कबीरधाम जिले को दो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने जहां अपनी कार्यकारिणी घोषित करते हुए जिला भाजपा कबीरधाम के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है वहीं सांसद संतोष पाण्डेय को संगठन में मुख्य वक्ता के रूप में रखा गया है। अशोक साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है वहीं श्री साहू भी पार्टी द्वारा दी गई इस बड़ी जिम्मेदारी से गदगद है। उन्होने भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर चर्चा के दौरान कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व संगठन पदाधिकारियों का आभारी हूं जिन्होने मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्होने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए इस दायित्व का वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी तथा ओबीसी सामाज के हित में कार्य करेंगे। श्री साहू की इस नियुक्ति के बाद जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी की उपस्थिति में श्री साहू का गुलाल लगाकर तथा फूल-माला पहनाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया गया तथा बधाई दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीराम चन्द्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जसविंदर बग्गा, मुकेश ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वहीं अशोक साहू को भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी में ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# स.लोहारा राजपरिवार ने रायपुर की कीमती जमीन आदिवासी समाज को दान में दी

## आदिवासी समाज में हर्ष, राजपरिवार के प्रति जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़गराज कुमार सिंह, रानी आकांक्षा देवी सिंह ने आदिवासी समाज की मांग पर रायपुर के सिविल लाइन क्षेत्र में अपने निवास स्थान के पास में स्थित बेसकीमती 4500 वर्ग फीट जमीन को समाज उपयोग के लिए दान में दे दी। जिससे पुरे प्रदेश का आदिवासी समाज इस राजपरिवार की दयालुता एवं दानशीलता के लिए प्रशंसा कर रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के गणमान्य लोगो की उपिस्थति में सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सिविल लाइन स्थित निवास स्थान के पास स्थित उक्त भूमि का रानी आकांक्षा देवी ने भूमिपुजन कर उक्त जमीन समाज प्रमुखो की उपस्थिति में आदिवासी समाज को सौपा जिसका उपयोग समाज सर्वसम्मती से निर्णय लेकर समाज हित के लिए करेगा। उक्त अवसर पर उपस्थित समाज प्रमुखों ने सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़गराज कुमार सिंह एवं रानी आकांक्षा देवी सिंह की बेसकीमती जमीन को आदिवासी समाज को दान में देने के लिए आभार प्रकट करते हुए राजपरिवार की दानशीलता के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर रानी आकांक्षा देवी सिंह ने समाज के लोगी को सम्बोधित करते हुए कहा की आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर इस धरती के जल, जंगल, जमीन को अपने खून से, अपने पसीने से सींचने वाले मूल निवासियों के बीच उपस्थित होकर मैं अभिभूत एवं गर्व महसूस कर रही हूँ। आप लोगों के त्याग, तपस्या एवं संघर्ष की वजह से ही आज जल, जंगल एवं जमीन बची हुई है। समाज को अपने घर के पास जमीन का कुछ टुकड़ा देकर हम कोई आपके के ऊपर कोई उपकार नहीं कर रहे है। जिसका उपयोग आप समाज हित में करे यही हमारे परिवार की अपेक्षा है। रानी आकांक्षा देवी ने आगे कहा आप सबने हमेशा हमारे सुख में हमारे दुख में हमें ताकत दी है। आप सबके बीच पहुंचकर हमें हमेशा एक परिवार, एक अपनत्व का अहसास होता है। और ये संबंध हमारा और आपका पीढ़ियों से रहा है और आने वाली पीढ़ियों तक जारी भी रहेगा। आप सबके लिए हमारे महल और दिल के दरवाजे खुले हैं। आप सबके यहां आने से जो हमें संतुष्टि मिलेगी उसे मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकती। जात हो की सहसपुर लोहारा राज परिवार हमेशा कमजोर, परेशान लोगों के सहयोग के लिए हमेशा खड़ा होता आया है। कई जगह एवं सार्वजनिक स्थानों में राजपरिवार ने अपनी जमीने भेंट कर लोगी को निस्तारी सुविधा प्रदान की है इसी की कड़ी में रायपुर सिविल लाइन के सबसे महंगी जमीनो में से एक के 4500 वर्ग फीट भूमि आदिवासी समाज को देने से पुरे प्रदेश में आदिवासी समाज में खुशी के साथ राजपरिवार के प्रति एक सम्मान का भाव दिखाई दे रहा है।

# शहर कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं परिचय समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शहर कांग्रेस कार्यालय कवर्धा में गत मंगलवार को नव नियुक्त शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों का स्वागत एवं परिचय समारोह आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर के निर्देश में आयोजित इस समारोह में संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नए पदाधिकारी संगठन की ऊर्जा और ताकत हैं। कांग्रेस पार्टी की पहचान जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति और हर परिस्थिति में सहयोग देने की परंपरा के रूप में रही है। यही परंपरा आगे भी बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से शुरू होती है, इसलिए प्रत्येक वार्ड, मोहल्ला में कार्यकर्ताओं का सीधा जुड़ाव जनता से होना चाहिए। प्रत्येक वार्ड और बूथ में नियमित बैठके होंगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष और आंदोलन का मार्ग अपनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू उपस्थित रहे उन्होने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता के साथ निरंतर जुड़ाव में है, और यही जुड़ाव भविष्य की दिशा तय करेगा। सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में संगठन को सशक्त बनाने और जनता के विश्वास को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश के समस्त विद्यालयों का शनिवार को प्रातः कालीन संचालन कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपाकर पुनः शनिवार को प्रातः कालीन बस्ता विहीन शाला संचालन की मांग की है।



इस संबंध में फेडरेशन जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा सहित पदाधिकारी लोकेन्द्र चंद्रवंशी, राजेश मिश्रा, धरम कुर्रे, संजय साहू, राजेंद्र शर्मा, केशलाल साहू, गोपाल चन्द्राकर, हिलेन्द्र सोम ने बताया कि प्रदेश के समस्त विद्यालय प्रातः कालीन संचालन संचालित हो रहे थे। लेकिन राज्य शासन से जारी विद्यालय समय-सारणी में प्रातः कालीन 7.30 से 11.30 बजे के स्थान पर शनिवार को भी सभी दिवस की भांति प्रातः 10.00 से 4.00 बजे तक शाला संचालन किए जाने निर्देशित किया गया है। फेडरेशन पदाधिकारियों ने बताया कि बस्ता रहित शनिवार और सुरक्षित शनिवार के उद्देश्य व्यायाम, योग, खेल एवं आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण, कौशल एवं अन्य शैक्षिक और सह-शैक्षिक कौशलों के विकास के लिए प्रातः 7.30 से 11.30 बजे का समय बच्चों के लिए उपयुक्त है साथ ही सकारात्मक प्रभाव भी बच्चों में दिखते है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बस्ता रहित शनिवार और शारीरिक शिक्षा एवं सप्ताह में एक दिवस बच्चों में दिनचर्या के परिवर्तन से अधिक रुचि रहता है।

जिससे शनिवार को निर्धारित गतिविधयों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होता है। ऐसे में फेडरेशन ने इन तथ्यों पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रत्येक शनिवार को प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक विद्यालय संचालन स्कूल शिक्षा विभाग से किया है।

# मेरा युवा भारत के तहत प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मेरा युवा भारत कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं के बारे मे युवाओं को जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का रूपरेखा जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद द्वारा सभी को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहु उपस्थित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी को सम्बोंधित करते हुए इन योजनाओं के बारे में जागरूक होनें के लिए आग्रह कर सभी को इससे जोड़नें के लिए कहा। कार्यक्रम में असलम द्वारा आयुष्मान भारत अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

उपसंचालक समाज कल्याण अभिलाषा पंडा ने नशा मुक्त अभियान के बारें मे सभी को जानकारी देकर नशामुक्ति पर शपथ दिलाया। कार्यक्रम में लोकचंद साहु, प्रचार्य श्रीमती के तिग्गा, आगरदास बघेल, राजा झारिया, श्रीमती प्रिति परिहार, सुरज कुमार, परषोत्तम निर्मलकर, पुनीराम यादव उपस्थित थें।

**यात्रा में तिरंगा लहराते और झूमते नजर आए भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी**

# भाजपा ने जिला मुख्यालय कवर्धा में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा की शुरुआत शहर के अम्बेडकर चौक से की गई। जहां भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा अम्बेडकर चौक से निकलकर वीर स्तम्भ चौक, एकता चौक, ऋषभ देव चौक, मुख्य बाजार से होते हुए गुरु नानक देव चौक पहुंची और फिर वहीं से वापस अम्बेडकर चौक आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान डीजे के देशभक्ति गीतों में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा लहराते और झूमते नजर रहे थे। इस दौरान वंदे मातरम और देशभक्ति के गगनभेदी नारों से पूरा शहर तिरंगे की शान में डूबा नजर आया। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा, हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, यह आजादी का अमृत काल है। अनगिनत वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। यह समय उन्हें याद करने और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एक तिरंगे के नीचे एकजुट है, और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी रश्मि शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, भाजपा जिला महामंत्री संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, देवकुमारी चंद्रवंशी, सविता ठाकुर, नीतू शर्मा, अजीत चंद्रवंशी, पिंटू दोषी, पन्ना चंद्रवंशी, राजेंद्र सलूजा, मनहरण कौशिक, संजय मिश्रा, राजू श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद थे।

# हलषष्ठी व्रत आज, तैयारियों में जुटीं माताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हलषष्ठी का पर्व माताओं द्वारा हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। यह व्रत मुख्य रूप से संतान की सुख, समृद्धि तथा दीर्घायु की मंगलकामना के लिए माताएं रखती है। गुरूवार 14 अगस्त को पड़ने वाले इस व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। व्रत के लिए नगर के बाजारों में हलषष्ठी उपयोगी साजो सामान की खरीददारी जोरों पर है। पसहर के चावल, सतनजा, दही, लड्डू, दूध, फल एवं पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ लगी नजर आ रही है। बाजार में साज-सज्जा एवं रौनक का आलम देखते ही बन रहा है। पारंपरिक मान्यता के अनुसार हलषष्ठी व्रत भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। इस दिन हल से जोता हुआ अन्न नहीं खाया जाता, इसलिए व्रतधारी महिलाएं पसहर के



चावल एवं सात प्रकार के अनाज (सतनजा) का सेवन करती हैं। व्रत कथा के अनुसार, द्वापर युग में बलरामजी का जन्म इसी दिन हुआ था, जिनका कृषि एवं हल से विशेष संबंध है। साथ ही एक कथा के अनुसार, एक बार एक महिला ने अपने बीमार पुत्र को अनजाने में हल जोते खेत में रख दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पश्चाताप स्वरूप उसने संतान की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना शुरू किया। तब से यह पर्व संतान की सुरक्षा और लंबी आयु के लिए माताओं द्वारा श्रद्धा से किया जाता है। व्रत के रोज सुबह से ही महिलाएं नदी, तालाब या कुएं में स्नान कर, व्रत रखकर और पूजा-अर्चना कर दिनभर संतान की खुशहाली की प्रार्थना करती हैं। शाम को कथा सुनने और पूजन के बाद व्रत का समापन होता है। नगर के विभिन्न मंदिरों एवं पूजा स्थलों में भी व्रत की तैयारियां की जा रही है जहां माताएं व्रत के दिन सकरी बनाकर सामूहिक रूप से पूजा करती है।